भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न संख्या: 2410

सोमवार, 10 अगस्त, 2026 (19 श्रावण 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

दरभंगा विमानपत्तन पर नई सिविल एन्क्लेव का विकास

2410. श्री संजय कुमार झाः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दरभंगा विमानपत्तन पर नए सिविल एन्क्लेव के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है, जिसमें वास्तविक तथा वित्तीय प्रगति, स्वीकृत परियोजना लागत तथा परियोजना पूर्ण होने की संशोधित समय-सीमा शामिल है;

(ख) क्या सिविल एन्क्लेव मूल रूप से जुलाई, 2027 तक पूर्ण होना निर्धारित था, यदि हां, तो क्या परियोजना निर्धारित समय-सारणी के अनुसार प्रगति कर रही है और यदि नहीं, तो विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) परियोजना की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा उठाए गए सुधारात्मक उपाय क्या हैं; और

(घ) नए सिविल एन्क्लेव के प्रचालन प्रारंभ किए जाने की अपेक्षित तारीख क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): दरभंगा हवाईअड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव की स्वीकृत परियोजना लागत 911.66 करोड़ रुपये है। इस परियोजना की समग्र भौतिक प्रगति 68.40% है, जिसमें टर्मिनल भवन की प्रगति 71.40% है। अब तक प्राप्त की गई वित्तीय प्रगति 484.27 करोड़ रुपये है।

इस परियोजना में विलंब, मुख्य रूप से अतिक्रमण और स्थानीय बाधाओं सहित प्रारंभिक साइट संबंधी बाधाओं के कारण हुआ, जिससे निर्माण गतिविधियों की शुरुआत और प्रगति प्रभावित हुई। इसके बाद, सामग्री के मूल्यों में वृद्धि और निर्माण सामग्रियों की आपूर्ति में व्यवधान सहित मध्य पूर्व संघर्ष से उत्पन्न 'फोर्स मेज्योर' (अपरिहार्य) स्थितियों ने कार्य निष्पादन की गति को और प्रभावित किया।

अवसंरचना परियोजनाओं में विलंब संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए, नागर विमानन मंत्रालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) परियोजना प्रभारियों और निष्पादनकर्ता एजेंसियों के समन्वय में परियोजना की नियमित समीक्षा करते हैं।

हवाईअड्डा परियोजनाओं को पूरा करने की समय-सीमा भूमि अधिग्रहण, अनिवार्य मंजूरियों की उपलब्धता, वित्तीय समापन, आदि जैसे कई कारकों पर निर्भर करती है।

******